# भारत की आत्मा व धरोहर संस्कृत को प्रमुख धारा में लाना अनिवार्य : जोशी

■ संस्कृतभारती का संस्कृत जनपद सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि संस्कृत श्रेष्ठ, संस्कारिक व देव भाषा है। यह कई भाषाओं की जननी है। संस्कृत में ही भारतवर्ष की संस्कृति निहित है। यह बात उन्होंने बुधवार को उदयपुर में संस्कृत भारती की ओर से आयोजित संस्कृत जनपद सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। संस्कृतभारती, राजस्थान विद्यापीठ और पेसिफिक विवि के संयुक्त तत्वावधान में विद्यापीठ के आईटी सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने नई पीढी से संस्कृत के गहन अध्ययन का आव्हान किया जिससे भारत के प्राचीन कालजयी ग्रंथ वेद-पुराणों में छिपे ज्ञान-विज्ञान को विश्व पटल पर लाया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि चित्तौडगढ सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा राजस्थान सीपी जोशी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण देश में असीमित ज्ञान भंडार कहीं है तो वह केवल संस्कृत भाषा व उसके साहित्य में है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और शिक्षा प्रणाली अति सुदृढ थी जिसे लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा पद्धति एवं संस्कृति पर आक्रमण किया ताकि विश्व में सबसे सुदृढ भारतीय ज्ञान प्रणाली नष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि संस्कृत ऐसी अद्भुत और देवतुल्य भाषा है जिसके अद्वितीय ज्ञान और खोज के सामने विज्ञान आज भी निहार रहा है क्योंकि आज भी विज्ञान के सामने कई चुनौतियो और समस्याओ का समाधान विज्ञान से कोसों दूर है जो भारतीय प्राचीन शास्त्रों व वेदों में कई वर्षों पूर्व मिलता है। इसलिए उन्होंने भारत की आत्मा कहीं जाने वाली संस्कृत भाषा को अस्तित्व में लाने और व्यावहारिक भाषा बनने पर बल देखकर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का एकमात्र आधार स्तंभ बताया तथा सभी प्रतिभागी विजेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय प्रकाशन प्रमुख मूलचंद सोनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख श्रीकांत, पायरोटेक कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक चंद्रप्रकाश तलेसरा, ग्रामीण विधायक उदयपुर फूल सिंह मीणा उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने की।

मुख्य वक्ता संस्कृतभारती चित्तौड प्रांत के प्रांत मंत्री परमानंद शर्मा थे। उन्होंने कहा कि संस्कृतभारती कई वर्षो से भारत सहित विश्व के 29 देशों में संस्कृत के नियमित प्रचार प्रसार का कार्य कर रही है, जिसके अंतर्गत आयोजित संभाषण शिविरों में एक लाख 40 हजार से अधिक लोग संस्कृत बोलना सीख चुके हैं। क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख श्रीकांत ने संस्कृत भाषा में गौरवमयी उद्बोधन देते हुए कहा कि संस्कृत भाषा मातृभाषा होने के साथ-साथ पूर्ण रूप से वैज्ञानिक भाषा और प्रार्थनाओं की भाषा है, जिसके अंतर्गत मातृभूमि एवं मातृभाषा का संरक्षण इन विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी संस्कृत शिक्षकों व समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत ऐश्वर्या वरदान का प्रतिरूप है संस्कृत को करो में प्रवेश देकर परिवार को सुसू संस्कृत बनाने का दृढ संकल्प लेना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीय सेवा भारती के अ भा प्रकाशन प्रमुख मूल चंद सोनी ने सभी छात्रों को हनुमान चालीसा का पाठ नियमित करने का आव्हान किया तथा सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विद्यमान शास्त्रों के संरक्षण पर बल दिया। महानगर प्रचार प्रमुख रेखा सिसोदिया ने ध्येय मंत्र प्रस्तुत किया। श्रेयांश कंसारा ने गीत की प्रस्तुति दी। संस्कृत भारती के प्रांत संपर्क प्रमुख डॉ. यज्ञ आमेटा ने अतिथियों का स्वागत परिचय दिया। समारोह में रक्षाबंधन से शुरू हुए संस्कृत सप्ताह के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त एमएमपीएस विद्यालय ने संस्कृत समूह गीत की प्रस्तुति भी दी।

समारोह में संस्कृत प्रतिभाओं को महर्षि पाणिनी पुरस्कार प्रदान किए गए तथा संस्कृत - संस्कृति को समर्पित व्यक्तित्वों को संस्कृति गौरव सम्मान प्रदान किया गया। संचालन विभाग सह संयोजक नरेंद्र शर्मा ने संस्कृत में किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विभाग संयोजक दुष्यंत नागदा ने किया। संस्कृत भारती की ओर से डॉ यज्ञ आमेटा, दुष्यंत नागदा, नरेंद्र शर्मा, रेखा सिसोदिया, रविंद्र सिंह रूपावत, श्रेयांश कंसारा, मंगल जैन, डॉ रेनू पालीवाल, कुलदीप जोशी, संजय शांडिल्य, डॉ भगवती शंकर व्यास आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में डॉ. हनवंत सिंह, डॉ. राजीव पाण्डे माया खण्डेलवाल, रक्त दाता युवा वाहिनी, डिंपल भावसार भारती कुंवर सिसोदिया ,शालिनी औदीच्य, जितेंद्र भट्ट,रीना जैन,निष्ठा दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू

उदयपुर, (कासं)। चार दिवसीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयगोडान कला (बड़गांव) में 14 वर्ष छात्र-छात्रा व 17 वर्ष छात्र वर्ग की 68वीं जिला स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य पिंकी मांडावत थी । अध्यक्षता प्रतियोगिता संयोजक एवं राउमावि घोड़ान कला की प्रधानाचार्य नलिनी गुप्ता ने की। शारीरिक शिक्षक नरेश पालीवाल ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति बड़ागांव के उप प्रधान प्रताप सिंह राठौड़, भोपालसिंह राणा, यशवंत श्रीमाली, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आशा मोगिया, पर्यवेक्षक कपिल श्रीमाली, गणपत पालीवाल एवं अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सुरेश खोईवाल, शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश संरक्षक हिरालाल सुथार, प्रारंभिक शिक्षा वाकपीठ के जिलाध्यक्ष विजय लाल मेनारिया आदि थे। प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शारीरिक शिक्षक नरेश पालीवाल ने बताया कि 17 वर्ष छात्र वर्ग में 80 टीमों ने, 14 वर्ष छात्र वर्ग में 58 टीमों ने तथा 14 वर्ष छात्रा वर्ग में 19 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। इस प्रकार कुल तीनों ही वर्ग की कुल 157 टीम प्रतियोगिता में भाग ले रही है । जिनके 1600 खिलाड़ी अपना खेल कौशल प्रदर्शित करने के लिए पहुंचे हैं । प्रतियोगिता का ध्वजारोहण और खिलाड़ियों को शपथ दिलाने के साथ ही उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए कुल पांच खेल मैदान बनाए गए हैं आज पहले दिन 17 वर्ष आयु वर्ग में 21 मैच ,14 वर्ष आयु वर्ग छात्र वर्ग में 17 मैच तथा 14 वर्ष बालिका वर्ग में 8 मैच खेले गए।

## सार-समाचार

### गजानन जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

उदयपुर, (कासं)। विद्या प्रचारिणी सभा, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के प्रधान कार्यालय में स्थित मंगलमुखी भगवान गजानन का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रातःकाल मंत्रोच्चार के साथ विधिवत दुग्धअभिषेक कर भगवान को आंगी धारण करवाते हुए सुंदर पुष्पों की सजावट की गई। साथ ही नाना प्रकार के भोग और मिष्ठान एवं मोदक का प्रसाद चढाकर संस्थान के सदस्यगणों द्वारा प्रभु लंबोदर की महाआरती की गई तथा संस्थान परिवार हेतु सुख समृद्धि एवं समग्र विकास हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्या प्रचारिणी सभा, भोपाल नोबल संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत, सचिव महेंद्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड, संयुक्त सचिव राजेंद्र सिंह झाला, वित्त सचिव शक्ति सिंह राणावत एवं भोपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी के कुल सचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड व कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह चुंडावत, नवल सिंह चुंडावत तथा संस्थान के शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे। फार्मेसी विभाग और बीएन गर्ल्स महाविद्यालय में भी गणपति स्थापना की गई। बीएन कन्या इकाई के दृश्य कला विभाग की छात्राओं द्वारा मृदा एवं अन्य माध्यमों से बनाए गए इको-फ्रेंडली विघ्नहर्ता गणेश की प्रतिमा को स्थापित कर शांति और विकास की मंगलकामनाएं की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. शिल्पा राठौड ने गणेश चतुर्थी के सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व को स्पष्ट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय छात्रा कल्याण सह अधिष्ठाता डॉ. माधवी राठौड सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे। दृश्यकला विभाग की सहायक आचार्य डॉ कंचन राठौड ने बताया कि छात्राओं द्वारा कमल पर बैठे पेंटिंग बनाते हुए गणपित बनाए गए हैं।

### विद्यार्थियों ने संस्कार की ली शपथ

उदयपुर, (कासं)। भारत विकास परिषद सुभाष द्वारा वर्ष पर्यन्त अच्छे कार्य व सम्मान प्राप्त शिक्षक , छात्र व छात्राओं का गुरु वंदन व छात्र अभिनंदन समारोह मॉर्डन पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल ढिकली, उदयपुर में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष ऋषभ जैन द्वारा सभी छात्राओं को भा. वि. प. के उद्देश्यों, संस्कार के बारे मे जानकारी दी । डॉ. पी सी जैन द्वारा पर्यावरण, जल बचाने के बारे में बताया। छात्राओं द्वारा शिक्षकों को तिलक, उपरना, श्रीफल भेंट गुरु वंदन किया। विद्यालय के मेधावी छात्रों को उपरणा, प्रशस्ति प्रमाण पत्र, मोमेंटो , भारत को जानो बुक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में वृक्षम अमृतम संस्थान के अध्यक्ष गोपेश शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल पारीख, सचिव यशवंत त्रिवेदी द्वारा 21 सहजन के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष ऋषभ जैन, सचिव आर. एल. जैन, प्रकल्प व प्रांतीय प्रभारी डॉ. पी. सी. जैन, पूर्व अध्यक्ष तृप्ता चावला उपस्थित थे। संचालन अध्यापक यग्नेश ने किया। प्रधानाचार्य डिंपल ने भाविप सुभाष के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नाबालिग अपहरणकर्ता सहित डिटेन

उदयपुर, (कासं)। नाबालिग का अपहरण करने के मामले में गोगुन्दा में रविवार को भी तनाव की स्थिति बनी रही। इसको देख पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारी माय जाप्ता मौके पर पहुंचे। दोपहर तक गोगुन्दा के बाजार बंद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा ने बताया कि गोगुन्दा कस्बे से नाबालिग को भागा ले जाने वाले आरोपी व उसके एक साथी को गुजरात से डिटेन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि लडकी के बयान के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्यवाही कीजावेगी। फिलहाल मौके पर स्थिति शांतिपूर्ण है। परिजनों व ग्रामीणों की मांग अनुसार कार्यवाही की जा रही है। इससे पहले सर्व समाज की बैठक बुलाई गई। जिसमें आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग उठाई गई तथा समुदाय विशेष के लोगों को दुकान किराए पर नहीं देने का निर्णय लिया गया। इधर मदरसा मोईनुल इस्लाम इंतेजामिया कमेटी की ओर से मुस्लिम समाज ने एसडीएम को ज्ञापन को सौंपा। जिसमें इस घटना की निंदा करते हुए आरोपी युवक के विरूद्ध ठोस कार्यवाही की मांग की।

### ओडिसी नृत्य पर आकर्षक प्रस्तुति दी

उदयपुर, (कासं)। डेल्फीक काउंसिल ऑफ राजस्थान के बैनर तले जयपुर के जवाहर कला केंद्र में हुए तीन दिवसीय सुर-ताल महोत्सव में ओडिसी नृत्य की धूम रही। ओडिसी नृत्य कला मर्मज्ञ कृष्णेन्दू साहा के नेतृत्व में बाल कलाकारों ने संगीत की सुरलहरियों पर कदमताल कर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरीं। ओडीसा के प्रसिद्ध युवा नृतक कृष्णेन्दू साहा समूह की नृत्य प्रस्तुति भगवान भोलेनाथ, श्रीगणेश और श्रीकृष्ण की भक्ति पर आधारित थी। इस ओडिसी नृत्य समूह में कलाकार मोहलक्षिका कुमारी मेवाड, सृष्टि पांडेय, शिविका माथुर, रुद्राक्षी चतुर्वेदी, केतकी मूंदडा, सीथू जानकी शामिल थीं। मोहलक्षिका कुमारी मेवाड के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाडकी सुपुत्री हैं। मोहलक्षिका ओडिसी नृत्य की बारीकियां मां निवृत्ति कुमारी के मार्गदर्शन में सीख रही हैं।

### आयड़ नदी का किया दौरा

उदयपुर, (कासं)। आयड नदी में अभी तक पूर्ण प्रवाह अर्थात पीक फ्लो नहीं आया है, तब भी नदी पेटे में बनाए गार्डन की मिट्टी व घास कई जगह बह गई है। नदी में बिछाई फर्शी कहीं टूटी है तो कहीं वो बैठ गई है। कुछ जगह उखड भी गई है।रविवार को झील प्रेमी डॉ अनिल मेहता, तेज शंकर पालीवाल, नंद किशोर शर्मा, द्रुपद सिंह ने नदी का दौरा किया। इस दौरान मिले बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों ने कहा कि नदी में गार्डन, फर्शी इत्यादि बनाना गलत था। आज नही तो कल, ये पूरा खर्च व्यर्थ जाने वाला है। सभी दुःख यही था कि यो नी टके। लोगों ने यह भी कहा कि यो कई किदो- गार्डन वेईरो गादो। दौरे में दिखा कि कई जगह फर्शी के नीचे व बीच का मसाला, मिट्टी बह गए है। गार्डन की मिट्टी व घास को नदी के पानी ने तहस नहस कर दिया है।

## बैठक आयोजित

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप हवाई अड्डा टैक्सी संगठन डबोक के सदस्यों की बैठक अंबा वेरी स्थित धुनी माता जी के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के कई सदस्यों ने भाग लिया बैठक में आय व्यय का ब्यूरो पेश किया । सदस्यों द्वारा संगठन को सुचारू चलाने के लिए एक पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया।

## उदयपुर में सुर और ताल महोत्सव सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। जवाहर कला केंद्र में पिछले तीन दिनों से डेल्फीक कॉउंसलर ऑफ़ राजस्थान की तरफ से आयोजित किए जा रहे सुर और ताल महोत्सव का रविवार शाम ग़ज़ल गायक प्रेम भंडारी, पमिल मोदी और देवेंद्र हिरन की सुरमई गज़लों के गायन के साथ समापन हुआ। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक एवं उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से आयोजित किए। महोत्सव में प्रसिद्ध फोटोग्राफर शिरीष कराले ने फोटोग्राफी वर्कशॉप में विद्यार्थियों को फोटोग्राफी विधा की विभिन्न बारीकीयों से अवगत करवाया वही रंगायन सभागर में पूरे भारत के कलाकारो ने नृत्य, शास्त्रीय संगीत गायन और वादन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्रेम भंडारी, पामिल मोदी और देवेंद्र हिरन ने एक साथ मंच साझा करके विभिन्न गज़लों को पेश किया जिनमें सात सुरों को बहता दरिया, अपने होंठों पर सजाना चाहता हूँ, ग़म का खज़ाना तेरा भी है, ए काश ऐसा हो जाए गज़लों नें दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के बाद डेल्फीक कॉउंसलर ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा और जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने कलाकारों व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आर.ए.एस. भर्ती परीक्षा के लिए सेमिनार

उदयपुर, (कासं)। सेक्टर 3 स्थित अनुष्का ग्रुप के सेमिनार हॉल मे आगामी आर. ए. एस. भर्ती परीक्षा के लिए सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में आर.ए.एस. प्रतियोगी परीक्षा के स्वरूप का विवेचन किया गया। जिसमे विषय विशेषज्ञों द्वारा पाठ्यक्रम को रणनीतिक तौर पर सूचीबद्ध करते हुए अध्यापन की दिशा को तय करने के बारे में बताया गया। इन परीक्षाओं में प्रत्येक विद्यार्थी के सपने जुडे हुए हैं इन्हें सही दिशा प्रदान करने के लिए प्रेरणा मात्र की आवश्यकता हैं।

संस्थान के संस्थापक डॉ. एसएस. सुराणा ने बताया कि विद्यार्थियों के जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य और योजनाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। संस्थान के निदेशक राजीव सुराणा ने बताया कि संस्थान ने पिछले डेढ दशक में अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है और आगे भी श्रेष्ठ परिणाम के साथ विद्यार्थियों की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत है। संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक भूपेश परमार ने कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को गणित और मानसिक योग्यता को सरल बनाने के उपाय बताकर की। उन्होंने आरएएस लक्ष्य के प्रति जागरूक मन रखने की सलाह भी विद्यार्थियों को प्रदान करी। संस्थान के इतिहास विषय के विशेषज्ञ शैलेंद्र सिंह चारण ने इतिहास को पढने के तरीके और ऐतिहासिक घटनाओं को याद रखने की कला बताई। सेमिनार को गति प्रदान करी जगपाल सिंह शक्तावत ने जिन्होंने अपने 10 साल के आरएएस के अनुभव को विद्यार्थियो से बांटा और उनके विषय संविधान और राजनीति विषय की तैयारी इस परीक्षा में कैसे करनी हैं की जानकारी दी । भारतीय और राजस्थान अर्थव्यवस्था के ज्ञाता डॉ.हेमंत बाबेल ने बताया की आर ए एस परीक्षा की सबसे बडी चुनौती हैं समय प्रबंधन और डॉ. बाबेल ने इसी समस्या का समाधान सेमिनार मै आए विद्यार्थियों से साझा किया।

## अधेड़ की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के भूपालपुरा थाना क्षैत्र में अधेड़ की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षैत्र पुरोहित चिकित्सालय के समीप बीमार हालत में मिले रोहिणी पर्वतसर डिडवाना कुचामन सिटी हॉल सेक्टर 9 निवासी आशुराम पुत्र जोराराम जांगिड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई।आशुराम सुथारी काम करता था एवं चिकित्सालय के निचे बैठा था। जिसकी अचानक तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए हिरणमगरी चिकित्सायल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। रविवार को परिजनों के आने पर एएसआई नवीन कुमार ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं शहर के भुपपालपुरा थाना पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ प्राणघातक हमला कर व्यक्ति को घायल करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित विनोद पुत्र भेरूलाल परिहार निवासी दक्षिण सुन्दरवास सोफिया स्कूल के पास प्रतापनगर पर अज्ञात हमलावरों ने सरियें से हमला कर फरार हो गए।

## राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उच्छब का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। राजस्थानी युवा साहित्य इस बात का भरोसा जताता है कि समृद्ध परंपरा विकास के ठोस कदम भरेगी। मगर ये भी ध्यान रखना जरूरी है कि युवा केवल कविता, कहानी, उपन्यास तक सीमित न रहे, गद्य की अन्य विधाओं पर भी काम करे। हर भाषा अपने कथेतर साहित्य से विकसित होती है। आलोचना विधा को विकसित करना बडी जरूरत है।

दो दिवसीय राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उच्छब से मैं इस बात पर आश्वस्त हूं कि युवा रचनाकारों रै हाथां में म्हारी भासा रौ भविस सुरक्षित है। ये विचार ख्यातनाम रचनाकार मधु आचार्य ने साहित्य अकादेमी एवं मोहनलाल सुखाडिया विवि के राजस्थानी विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा उच्छब के समापन समारोह में बतौर अध्यक्षीय उदबोधन में व्यक्त किये। इस अवसर पर समारोह संयोजक डॉ.सुरेश सालवी ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि ख्यातनाम कवि-आलोचक प्रो. डॉ. माधव हाडा ने कहा कि कोई भी भाषा तभी समृद्ध हो सकती है जब उसमें विचार धारण करने का सामर्थ्य हो और भाषा में यह सामर्थ्य तभी आयेगा जब उसे नियमित रूप से अपने जीवन में बरतें। उन्होंने कहा कि राजस्थानी हमारे विरासत की भाषा है जो समस्त लोक में व्याप्त होने के साथ ही एक स्वतंत्र एवं समृद्ध भाषा है। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. हेमंत द्विवेदी ने कहा कि आज के युवाओं को राजस्थानी साहित्य मनुष्य को सत जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर राजस्थानी सेवा को समर्पित श्याम प्रताप सिंह चारण एवं सुनिल राजपुरोहित का बहुमान किया गय। समारोह का संयोजन डॉ.सुरेश सालवी ने किया। रविवार को आयोजित प्रथम तकनीकी सत्र राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सालवी की अध्यक्षता में राजस्थानी युवा रचनाकार शिव बोधी, आशीष पुरोहित, देवीलाल महिया ने राजस्थानी युवा लेखन विषयक आलोचनात्मक शोध पत्र प्रस्तुत किये।

द्वितीय तकनीकी सत्र प्रतिष्ठित कवि-आलोचक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें सिया चौधरी, कप्तान बोरावड, सपना वर्मा, राजेन्द्रदान देथा ने म्हारै सारुं लेखन कांई है? विषय पर विचार व्यक्त किये। तृतीय तकनीकी ख्यातनाम कवि-आलोचक डॉ. अर्जुनदेव चारण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें युवा रचनाकार शिव बोधी, आशीष पुरोहित, देवीलाल महिया, सिया चौधरी, कप्तान बोरावड सपना वर्मा एवं राजेन्द्रदान देथा ने अपनी राजस्थानी रचनाओं का वाचन किया।

## 25 जनजाति युवक-युवतियों को मिलेगा प्रशिक्षण

उदयपुर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार लागू की गई जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की अमृत कलश योजना के अन्तर्गत आरएसएमएमएल के सीएसआर वित्तपोषित से अशोक लीलेण्ड व्हीकल ड्राईविंग प्रशिक्षण केन्द्र रेलमगरा में अनुसूचित क्षेत्र के 25 जनजाति युवक-युवतियों के लिए हल्का एवं भारी मोटर ड्राईविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित क्षेत्र उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, सलूंबर, राजसमंद (नाथद्वारा एवं कुम्भलगढ़), सिरोही (आबूरोड एवं पिण्डवाडा), चित्तौडगढ़ (बडी सादडी), पाली (बाली) के 25 जनजाति के युवक-युवतियों को 30 दिवस का हल्का एवं भारी मोटर ड्राईविंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें भोजन व आवासीय सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण, अभ्यर्थी की ऊँचाई (महिलाओं के लिए 155 से.मी. से अधिक, पुरूषों के लिए 168 से.मी. अधिक) न्यूनतम वजन (महिलाओं के लिए 45 कि.ग्रा. एवं पुरुषों के लिए 55 कि.ग्रा.) चाहिए। भारी मोटर वाहन ड्राईविंग प्रशिक्षण कोर्स के लिए हल्का मोटर व्हीकल चालन का लाइसेंस धारक होना चाहिए। अभ्यर्थी 20 सितंबर की रात्रि तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

## महिला की चेन छीनी

उदयपुर, (कासं)। मंदिर दर्शन करने जा रही महिला के गले से चोर सोने की चेन छिन ले गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़ा थाना पुलिस ने अनुजा पत्नी राजेन्द्र पटेल निवासी कारावाड़ा की रिपोर्ट पर अज्ञात दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## पुरखों के सत्कर्म से ही आज भी हमारी वंश परंपरा जीवित : विश्वराज सिंह

■ वर्तमान, भविष्य, अतीत के लिए इतिहास लेखन जरूरी : सारंगदेवोत

उदयपुर (कासं)। प्रताप शोध प्रतिष्ठान, भूपाल नोबल्स संस्थान द्वारा प्रकाशित ‘ पुरावतो का इतिहास’ पुस्तक का विमोचन रविवार को प्रताप शोध प्रतिष्ठान व पुरावत संकलन समिति के संयुक्त तत्वाधान से मुख्य अतिथि महाराज कुमार विश्वराज सिंह मेवाड़ के कर कमलों से संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता कर्नल प्रो. शिव सिंह कच्छेर द्वारा की गई।

महाराज कुमार विश्वराज सिंह के सानिध्य में विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. शिव सिंह कच्छेर, डॉ. महेंद्र सिंह आगरिया, मंत्री, विद्या प्रचारिणी सभा, मोहब्बत सिंह रूपाखेडी, प्रबंध निदेशक, भूपाल नोबल्स संस्थान, शक्ति सिंह कराई, वित्तमंत्री विद्या प्रचारिणी सभा, राजेंद्र सिंह, संयुक्त मंत्री, विद्या प्रचारिणी सभा, डॉ.भूपेंद्र सिंह राठौड द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह से पूर्व शोभायात्रा निकाल कर टाउन हॉल परिसर में मुख्य अतिथि का पदार्पण हुआ। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह सालमपुरा ने स्वागत उद्बोधन दिया। मंत्री अजीत सिंह मंगरोप ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

महाराज कुमार विश्वराज सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि यह इतिहास पुरखों के त्याग को ही नहीं दर्शाता है अपितु पीढी दर पीढी संस्कारों को भी जीवंत रखता है। भारतीय, संस्कृति, परम्परा हमारी विरासत है इसे संजोये रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि पुरखो के सत्कर्म से ही आज वंश परंपरा जीवित है जिन्हें जनाना सरदार आज भी अपने जीवन में संजोये हुए हैं। आज प्रसन्नता का विषय है कि महाराणा प्रताप के 11वें पुत्र पूरणमल के वंशजों का इतिहास डॉ.भूपेंद्र सिंह ने लेखनी बद्ध किया है। डॉ. महेंद्र सिंह आगरिया मंत्री विद्या प्रचारिणी सभा ने कहा कि प्रताप शोध प्रतिष्ठान निरंतर नए तथ्यों को उजागर करने हेतु शोध कार्य करता रहता है हमारा प्रयास यह है कि हम नए शोध कर प्रत्येक ठिकाने पर इतिहास का लेखन कर सकें इसी क्रम में पुरावतो का इतिहास लेखन 45 ठिकानों पर अध्ययन कर इसे पुस्तक के रूप में आपके समक्ष रखा। कर्नल प्रो. शिव सिंह कच्छेर ने कहा कि वर्तमान, भविष्य एवं अतीत के लिए इतिहास लेखन जरूरी है। महाराज पूरणमल को पांच महाराणा की सेवा का सुअवसर मिला जिसे उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। प्राथमिक स्त्रोतों से अध्ययन कर इस पुस्तक की रचना करना हर्ष का विषय है। प्रतिष्ठान ने 60 से अधिक पुस्तकों को प्रकाशित किया है। इस इतिहास को संजोये रखना आपका दायित्व है जो समाज में कई पुरुषार्थ को जन्म देगा से समाज को संबल प्राप्त होगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा 22 भामाशाहों का सम्मान भी किया। संचालन डॉ. अनिता राठौड, धन्यवाद भोपाल सिंह देवली ने दिया। इस अवसर पर इतिहास प्रणेता उदय सिंह सालमपुरा, मंगरोप बाबा प्रध्यूमन सिंह, डॉ. युवराज सिंह झाला, गुरला बाबा चन्द्रवीर सिंह, आटून बाबा भंवर सिंह उपस्थित थे।

## सामान चोरी

उदयपुर, (कासं)। ऋषभदेव कस्बे में स्थित मार्बल माइंस से चोर केबल चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव कस्बे में मसारों की ओवरी स्थित नागफली के माइंस एंड मिनरल्स एवं ज्योति मिनरल माइंस से अज्ञात चोर चार व्लि केबल चुरा ले गए। इसका पता चलने पर मालिक खुदीराम गंगवार पुत्र आरबीलाल निवासी विनायक काम्पलैक्स महासतिया के सामने मैन रोड़ आयड़ ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

वहीं शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने मनीष विहार डीपीएस स्कूल के पिछे शोभागपुरा की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 3 सितंबर को रविन्द्र नगर दी बेलमोन्ट होटल के सामने खड़ी कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

वहीं हाथीपोल थाना पुलिस ने कृष्णा मैनारिया हाल न्यू शिव कॉलोनी से. 3 की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ एमबीजीएच चिकित्सालय से मोबाईल चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

## गीत-संगीत व हेरिटेज वॉक के साथ अर्बन स्केचर्स का शतक

उदयपुर, (कासं)। कला, साहित्य और शिल्प-वैशिष्ट्य की धरा लेकसिटी उदयपुर में युवा स्केचर्स के समूह की हर रविवार की स्केच मीट का रविवार को शतक पूरा हुआ। इस मौके पर कश्ती फाउंडेशन की ओर से गीत-संगीत के साथ स्केच हेरिटेज वॉक का आयोजन करते हुए युवा स्केचर्स की इस उपलब्धि पर अभिनंदन किया ।

शहर के युवा कलाकारों के समूह 'अर्बन स्केचर्स' द्वारा ख्यातनाम स्केच आर्टिस्ट व वास्तुविद सुनील लड्डा के नेतृत्व में एक सौ सप्ताह की सृजन यात्रा पूरी होने पर रविवार को इस हेरिटेज वाक में सम्मिलित दो दर्जन से अधिक प्रतिभागियों को हेरिटेज वॉक एक्सपर्ट चिन्मय दीक्षित ने घंटाघर से लगाकर सिटी पैलेस तक आने वाली प्रमुख हेरिटेज बिल्डिंग्स के बारे में जानकारी दी और प्राचीनतम शिल्प वैशिष्ट्य के बारे में बताया। इस हेरिटेज वॉक में अर्थ बेंड लाइव के गिटार आर्टिस्ट निर्भय सिंह भाटी और सिंगर सर्वेश पंवार ने भी मनोहारी प्रस्तुतियां देकर कलाकारों के साथ-साथ शहरवासियों का भी दिल जीता। इस अवसर पर कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने कहा कि सर्दी, गर्मी, वर्षा की परवाह किए बगैर स्केचिंग करने का लेकसिटी के युवा कलाकारों का जज्बा सराहनीय है, हर कला में निखार के लिए इसी प्रकार के समय और समर्पित प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों में वर्ल्ड क्लास हेरिटेज के सौंदर्य को देश-दुनिया तक पहुंचाने के साथ अपनी विरासत के प्रति गौरव की भी अनुभूति होती है। हेरिटेज वॉक के समापन पर कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया और सौ सप्ताहों की सृजन यात्रा तय करने की बधाई दी। इस दौरान स्केच आर्टिस्ट सुनील लड्डा ने बताया कि अगले सप्ताह 101 की स्केच मीट के तहत सूचना केन्द्र में एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में बांसवाड़ा जिले के ठीकरिया गांव से पहुचें नन्हें स्केचर 12 वर्षीय अर्जुन को भी अभिनंदन किया। इस मौके पर गोगुंदा की मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेरणा नौसालिया, सनातनी साहित्यकार कपिल पालीवाल, प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी, सोशल मीडिया एक्सपर्ट संदीप राठौड़, ऋतु चांदवानी, वरिष्ठ चित्रकार अनुराग मेहता, डॉ. चित्रसेन, राहुल माली, सुरेश पालीवाल, तूलिका देवपुरा, समृद्धि शर्मा, सूर्यभानसिंह सहित बड़ी संख्या म्स्केच आर्टिस्ट मौजूद रहे।

## ‘हत्याकांड में रिहा आरोपी के मामले में आगे अपील करेंगे’

उदयपुर, (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठोड़ उउदयपुर दौरे पर रहे। उन्होंने यहां भगवान बिरसा मुडा के गौरव इतिहास को लेकर हुए एक जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड में हाल ही में जमानत पर रिहा हुए आरोपी जावेद को लेकर कहा कि किसी भी मामले में सबसे पहले जो छानबीन होती है वहीं आगे चलती है। उन्होंने कहा कि जैसे कोई चोर चोरी करता है तो तत्काल उसके फूट प्रिंट घटना स्थल से लीए जाते है। क्योंकि बाद में घटना स्थल पर जनता के पहुंचेने से वे चिन्ह मीट जाते है। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड में जमानत मिलने वाले आरोपी को लेकर हम समीक्षा करवा रहे है।

## उदयपुर में आयड़ नदी में बच्ची डूबी

■ आयड़ नदी में किए जा रहे कार्यों के तहत लगाई गई जाली में फंसी के फंसे होने के कयास लगाए जा रहे है

उदयपुर (कासं)। शहर की आयड़ नदी में रविवार शाम एक बच्ची डूब गई। सूचना पर पहुंच रेस्क्यू टीम बच्ची की तलाश कर रही है। आयड़ नदी में किए जा रहे कार्यों के तहत लगाई गई जाली में फंसी के फंसे होने के कयास लगाए जा रहे है वहीं रेस्क्यू टीम को भी इस लोहेनुमा जालियों से रेस्क्यू में परेशानी हो रही है। चार घंटे से रेस्क्यू जारी है वहीं पानी के वेग को कम करने के लिए स्वरूपसागर के चारों गेट भी कम कर एक-एक इंच कर दिए गए है। समाचार लिखे जाने तक बच्ची नहीं मिली व उसकी तलाश जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सांय प्रतापनगर निवासी नीलम (8) पुत्री सोहनलाल व उसका भाई ओमप्रकाश दोनों ठोकर स्थित आयड़ नदी पेटे में मछली पकड़ने आए। उसके भाई ओमप्रकाश ने बताया कि आज काम की छुट्टी होने से वे यहां आकर मछली पकड़ रहे थे इसी दौरान असंतुलित होकर उसकी बहन पानी में जा गिरी और तेज बहाव में चली गई। इस दौरान वह भी बहन के हाथ में टीशर्ट होने से पानी में गिरने से बचा। सूचना पर मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम मौके पर तलाश कर रही है। इधर सूचना मिलने पर भूपालपुरा थानाधिकारी मुकेश सोनी, एएसआई हरिसिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां सिविल डिफेंस की टीम को बुलवा नीलम की तलाशी ली लेकिन उसका पता नहीं चल पाया।

## तालाब में डूबने से दो किशोर की मौत

उदयपुर (कासं)। जिले के पहाड़ा थाना क्षैत्र में दो अलग अलग स्थानों पर तालाब में डूबने से दो किशोर की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार अपरान्ह में पहाड़ा थाना क्षैत्र महुवाल निवासी प्रदीप (17) पुत्र दिनेश मीणा तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोपहर में दिनेश बैलों को पानी पिलाने के लिए तालाब पर लेकर गया। जहां पांव फिसलने पर पानी में डूब गया। इसका पता चलने पर आए लोगों ने उसे बाहर निकाल डूंगरपुर चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई कालुलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

